भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3047
दिनांक 06.08.2026 को उत्तर के लिए नियत

राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन

3047. **श्री ईश्वरस्वामी के.:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 'मेक इन इंडिया' पहल के अंतर्गत उद्योगों को सहायता देने के लिए कोई राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन शुरू किया है और यदि हाँ, तो इस मिशन के उद्देश्य क्या हैं और इसकी कार्यान्वयन रूपरेखा क्या है;

(ख) सोलर पीवी सेल, ईवी बैटरी, विंड टर्बाइन और उच्च-वोल्टेज पारेषण उपकरण जैसे क्षेत्रों में स्वच्छ तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए आवंटित परियोजनाओं और निधि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) स्वच्छ तकनीक आपूर्ति श्रृंखला में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी के सुदृढ़ीकरण और विनिर्माण क्षेत्र में ग्रीन नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) से (ग): उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, ऐसा कोई मिशन अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है।

*****